# FORTUNE INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED

**Regd. Office:-** 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi-110001, **CIN:** L51503DL1986PLC024329
Tel. No.: 011-43585000; Fax: 011-43585015, E-mail: bajaj_kk@yahoo.co.in, firl.nbfc@gmail.com;Website: www.firl.co.in,

**Date: 8th May, 2018**

To,

**Metropolitan Stock Exchange of India Limited**
**Listing Department**
**4th Floor, Vibgyor Toweres, Plot No. C-62**
**Opp Trident Hotel**
**Bandra East, Mumbai-400098**

**SCRIP CODE: FIRL**

Dear Sir,

**Subject: Published Copy of notice of Board Meeting**

Please find enclosed herewith the Published copies of Notice of Board Meeting to be held on 16th May, 2018 published in Financial Express and Naya India dated 8th May, 2018.

Kindly take the same into record for your further needful.

**Thanking You,**
**Yours Faithfully,**

**For Fortune Industrial Resources Limited**

**Neha Sarpal**
**Company Secretary**

**Encl.: As above**

नया इंडिया दिल्ली

समाचार: राजधानी-आसपास

## शाम की पाली के स्कूल आज बंद रहेंगे

**नई दिल्ली,भाषा।** सरकार ने आंधी तूफान और भारी बारिश की मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर शाम की पाली में लगने वाले सभी स्कूलों को कल बंद करने का निर्णय किया है। सरकार ने कहा कि दूसरी पाली में चलने वाले (शाम की पाली) सभी स्कूल कल बंद रहेंगे। इस बाबत फैसला मुख्य सचिव अंशु प्रकाश की अध्यक्षता में चेतावनी के बाद तैयारियों की समीक्षा करने के लिए हुई बैठक में लिया गया। मौसम विभाग ने आज जारी चेतावनी में कहा है कि कल दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में भारी बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई भाषा से कहा कि मौसम खराब रहने की चेतावनी के मद्देनजर शाम की पाली में लगने वाले सभी स्कूल कल बंद रहेंगे। सरकार ने ऐसी संभावित स्थिति में क्या करना चाहिए और क्या करने से बचना चाहिए, यह परामर्श भी जारी किया है। बैठक में दमकल, राजस्व, यातायात, गृह और लोक निर्माण विभाग सहित अन्य महकमों के अधिकारी मौजूद थे।

## एसएससी धोखाधड़ी गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**नई दिल्ली,भाषा।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित आनलाइन परीक्षा में धोखाधड़ी में अभ्यर्थियों की मदद करने वाले गिरोह के संदिग्ध सरगना दिल्ली सरकार के एक क्लर्क को यहां गिरफ्तार कर लिया गया। हरपाल सिंह (33) की शुक्रवार को गिरफ्तारी के साथ इस मामले में गिरफ्तार गिरोह सदस्यों की संख्या बढ़कर दस हो गई है। व्यापार एवं कर विभाग का एक अपर डिवीजन क्लर्क मार्च में गिरोह का भंडाफोड़ होने के बाद से फरार था।

## दिल्ली में धूप भरी सुबह

**नई दिल्ली,आईएएनएस।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह धूप भरी सुबह रही। यहां का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा, दिन में आंशिक बदली छाई रहेगी। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सुबह 8 बजे आद्र्रता का स्तर 58 प्रतिशत रहा।

# सीसीटीवी परियोजना बड़ा घोटाला

### कांग्रेस नेता अजय माकन ने दिल्ली सरकार पर लगाया घोटाले का आरोप।




**नई दिल्ली ■ संवाद सूत्र**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन ने कहा आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रोजेक्ट में बहुत बड़ा घोटाला किया है। माकन ने कहा कि 13 अक्टूबर 2015 को दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कैबिनेट ने 130 करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी जिसके लिए नवम्बर 2017 में टेडर जारी किए गए जिसमें दो बिडर में से एक सफल बिडर रहा और इस टेंडर को रद्द कर दिया गया और 6 फरवरी 2018 को दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 571.40 करोड़ का एक नया टेंडर बदली हुई शर्तों के साथ मंजूर किया। जिसमें से कुल बजट का 44 प्रतिशत अर्थात 250 करोड़ रुपया सीसीटीवी कैमरों के रखरखाव के लिए रखा गया। अर्थात कुल केपिटल राशि का 78 प्रतिशत रखरखाव के लिए होगा।

माकन ने कहा कि बड़ी चौंका देने वाली बात है कि 5 अप्रैल 2018 की ई.एफ.सी. एक्सपेन्डीचर फाईनेंस कमेटी जिसके अध्यक्ष दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व वित मंत्री मनीष सिसोदिया व पीडब्लूडी मंत्री सतेन्द्र जैन सदस्य हैं। उन्होंने यह निर्णय लिया कि इस प्रस्ताव को विस्तृत एक्शन प्लान के साथ केबिनेट के सामने रखा जाएगा। अर्थात यह प्रोजेक्ट मंत्रीमंडल के द्वारा भी मंजूर होना बाकी है। उन्होंने कहा कि बड़ी हैरानी वाली बात यह है कि इस प्रोजेक्ट को कम्पीटेंट अथारिटी से मंजूरी नही मिली थी उससे पहले आरएफपी को निमंत्रण दिया गया तथा टेंडर को पीडब्लूडी ने मंजूरी दे दी। 5 अप्रैल 2018 की ईएफसी मिन्टस में यह भी लिखा गया है कि टेंडर को लेकर इस प्रकार की मंजूरी नही होती है और प्रींसिपल सेक्रेटरी पीडब्लूडी ने कमेटी को यह भी बताया कि क्योंकि यह सुरक्षा केन्द्रित प्रोजेक्ट है इसलिए इस काम को कराने के लिए पीडब्लूडी कार्यकारी संस्था होगी। माकन ने कहा कि जब सीसीटीवी लगाने के प्रोजेक्ट को केबिनेट की मंजूरी नही दी गई तो उससे पहले 571.40 करोड़ का नया टेंडर कैसे मंजूर किया गया। यह घोटाला नही है तो और क्या है?

प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री श्री अरविन्द केजरीवाल ने अपने साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में दिल्ली के विकास के लिए न तो कोई कार्य किया और जो भी कार्य किया उसमें भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हुई है।

जब भी केजरीवाल दिल्ली की जनता को अपने किए गए वायदों में असफल नजर आते है तो वे अपनी नाकामी का ठीकरा दिल्ली के उपराज्यपाल के उपर फोड़कर अपना पल्ला झाड़ लेते है। संवाददाता सम्मेलन में माकन के साथ दिल्ली के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, मुख्य प्रवक्ता शर्मिष्ठा मुखर्जी, वरिष्ठ नेता चतर सिंह, दिल्ली प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस चैयरमेन अमन पंवार, आरटीआई सेल चैयरमेन व निगम पार्षद वेद प्रकाश, चीफ मीडिया कॉआर्डिनेटर मेंहदी माजिद मौजूद थे।

माकन ने कहा कि अभी तक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सीसीटीवी कैमरे में किए गए घोटाले के दोषी मन्त्रियों व अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नही की?

## तेंदुलकर ने सीबीएसई से कहा, रोजाना हो खेल का एक पीरियड

**नई दिल्ली ■ भाषा**

मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) के द्वारा कक्षा नौ से 12 तब के छात्रों के लिए रोजाना खेल के पीरियड को अनिवार्य करने की नीति की तारीफ करते हुए इसे सभी कक्षाओं में इसे लागू करने की आज मांग की। बोर्ड ने स्कूलों को खेल को लेकर दिशानिर्देश जारी किया है जिसमें कक्षा नौ से 12 तक रोजाना खेल के पीरियड रखने को कहा गया है ताकि छात्रों को सुस्त जीवनशैली से बचाया जा सके। तेंदुलकर ने सीबीएसई की अध्यक्ष अनिता करवल को लिखे पत्र में कहा, मोटापे के मामले में विश्व में भारत का तीसरा स्थान है जो गंभीर चिंता की बात है। अस्वस्थ युवा देश के लिए किसी महामारी की तरह है। देश में मजबूत खेल संस्कृति इस मामले से निपटने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा के लिए रोजाना एक पीरियड अनिवार्य करना इस दिशा में सही कदम है। इस पहल को हालांकि निश्चित रूप से और भी आगे बढ़ाया जा सकता है।

## जयप्रकाश अग्रवाल कोर्ट से आरोप मुक्त

**नई दिल्ली ■ भाषा**

दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता जयप्रकाश अग्रवाल को सार्वजनिक संपत्ति को विरूपित करने के आरोपों से आज मुक्त कर दिया। अग्रवाल पर 2014 के आम चुनावों में प्रचार के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को विरूपित करने के आरोप थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने कहा कि वह एक ऐसा कार्य करने के लिए चार साल तक मामले का सामना कर रहे थे जो अपराध भी नहीं था। अदालत ने कहा कि इस बात का कोई आरोप नहीं था कि आरोपी ने स्याही, चॉक, पेंट या इस तरह की किसी अन्य सामग्री द्वारा लिखकर संपत्ति को विरूपित किया था। अदालत ने कहा, आरोपी ऐसा कार्य करने के लिए लगभग चार वर्षों से मामले का सामना कर रहे थे जो एक अपराध नहीं है और यहां तक कि सुनवाई भी शुरू नहीं हुई है। उपर्युक्त चर्चा के आधार पर आरोपी को मौजूदा आरोपों से मुक्त किया जाता है। मार्च 2014 में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार ललित मोहन नामक एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि आरोपी ने 2014 के आम चुनावों में वोट हासिल करने के लिए उत्तर पूर्व दिल्ली के करावल नगर में सार्वजनिक शौचालय के ऊपर एक होर्डिंग लगाकर सार्वजनिक संपत्ति को विरूपित किया था। आरोपी ने अदालत को बताया था कि नगर निगम का यह शौचालय एक ऐसा स्थान था जहां शुल्क देकर विज्ञापन लगाये जा सकते थे।

### फटाफट

## कनॉट प्लेस की बिल्डिंग में घंटों बिजली गुल!

**नई दिल्ली, संवाद सूत्र।** दिल्ली सरकार ने कहा है कि बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनियां अगर बिना सूचना के एक घंटे से ज्यादा बिजली कटौती करती हैं तो उन्हें हर उपभोक्ता को घंटे के हिसाब से हरजाना देना होगा। सप्ताह के पहले कामकाजी दिन सोमवार को कनॉट प्लेस स्थित न्यू दिल्ली हाउस की बिजली बिना किसी सूचना के काट दी गई और घंटों बिजली गुल रही। पर बिजली क्यों कटी और इतने समय तक क्यों कटी रही इसके बारे में कोई आधिकारिक सूचना नहीं है।

ध्यान रहे 12 मंजिल की इस बिल्डिंग में स्टेट बैंक सहित करीब साढ़े तीन सौ निजी और सरकारी कार्यालय हैं, जिनमें बिजली नहीं होने की वजह से दोपहर बाद कोई कामकाज नहीं हो पाया। एनडीएमसी ने बिना सूचना के दोपहर बाद करीब एक बजे पूरे बिल्डिंग की बिजली काट दी थी। बताया जा रहा है कि न्यू दिल्ली हाउस बिल्डिंग के एक ऑफिस ने अपने कार्यालय में बिजली फिटिंग के लिए एनडीएमसी से बिजली काटने को कहा था।

## आप विधायक चुनाव में नियम तोड़ने के दोषी

**नई दिल्ली,भाषा।** दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी के विधायक देवेंद्र सहरावत को 2013 के विधानसभा चुनावों में प्रचार के दौरान चुनाव नियम तोड़ने का दोषी पाया है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने स हरावत को दोषी ठहराते हुए कहा कि अभियोजन ने उनके खिलाफ मामला साबित किया है। अदालत ने सजा की अवधि पर बहस के लिए 14 मई की तारीख मुकर्रर की है। पुलिस ने सात अक्तूबर 2013 को एक प्राथमिकी दर्ज की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने स हरावत का नाम लिखे और फोटो लगे कई पर्चे बरामद किए लेकिन इन पर्चों पर प्रकाशक का नाम नहीं है। मामला जनप्रतिनिधि कानून की धारा 127 ए के तहत दर्ज किया गया था। इस धारा के मुताबिक, प्रकाशक के नाम और पता के बिना कोई भी पर्चा और पोस्टर प्रकाशित या मुद्रित नहीं कराया जा सकता है।

## विवाद में व्यक्ति की हत्या

**नई दिल्ली,भाषा।** गाना बजाए जाने को लेकर हुए विवाद में पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में कथित तौर पर एक डिस्क जॉकी ने 28 वर्षीय एक युवक की छुरा मार कर हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विजय कुमार ने बताया कि यह घटना कल आधी रात को क्लब रोड पर स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई। गीत बजाने को लेकर विवाद शुरू हुआ जिसमें नौ लोगों के एक समूह के साथ रेस्टोरेंट के कर्मचारियों का टकराव हो गया। उन्होंने बताया कि दीपक ने विजय दीप पर छुरे से हमला कर दिया।

राजधानी : राजनीति/विविध

## पुरी करेंगे स्मार्ट शहरों के काम की प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली ■ भाषा**

केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी स्मार्ट शहरों में अब तक हुये काम की भोपाल में कल से हो रहे दो दिवसीय सम्मेलन में समीक्षा करेंगे। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज बताया कि शहरों में नागरिक सुविधाओं को उन्नत बनाने के लिये 99 शहरों से जून 2015 में शुरू की गयी स्मार्ट सिटी परियोजना के अब तक के काम की समीक्षा के लिये पहला शीर्ष अधिकारी स्तर सम्मेलन कल से मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में शुरु होगा।

स्मार्ट शहरों में परियोजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन की अध्यक्षता पुरी करेंगे। बैठक में परियोजना के तहत चयनित शहरों में बन रहे स्मार्ट सिटी सेंटर, सड़कों की रुपरेखा में बदलाव (री.डिजाइनिंग) और प्रमुख इमारतों पर सोलर रूफटॉप पैनल लगाने सहित अन्य प्रमुख कामों की प्रगति रिपोर्ट पेश की जायेगी। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समयबद्ध कार्ययोजना के तहत पूरा करने का मंत्रालय ने लक्ष्य तय किया है।

सम्मेलन के दूसरे दिन स्मार्ट शहरों में परियोजना के सीईओ अब तक के कामकाज से जुड़े अनुभव आपस में साझा करेंगे जिससे धीमी गति से चल रहे कार्यों को गति दी जा सके। इस दौरान सभी सीईओ को 'भोपाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड' द्वारा संचालित परियोजनाओं का दौरा भी कराया जायेगा। इस सम्मेलन में केन्द्र और राज्य सरकारों के संबद्ध अधिकारी और स्थानीय निकायों के आयुक्तों के अलावा परियोजना में हिस्सेदार विभिन्न देशों के राजनयिक भी हिस्सा लेंगे।

### दिल्ली को आदर्श शहर बनाने पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,वार्ता।** केंद्र सरकार ने दिल्ली को एक आदर्श एवं सुगम्य मॉडल शहर बनाने के लिए सभी पक्ष धारकों के बीच सामंजस्य बनाने के लिए यह पहल की है ताकि सभी को इस बारे में जागरुक बनाया जा सके।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुगम्य बनाने के लिए एक बैठक बुलाई गयी जिसकी अध्यक्षता सचिव श्रीमती शकुंतला डी गामलिन ने की।

## अवैध बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस पर रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली,भाषा।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने अधिकारियों से गाजियाबाद के अवैध बैंक्वेट हॉल और वेडिंग फार्म हाउसों के खिलाफ की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी के कार्यवाहक प्रमुख की अध्यक्षता वाली पीठ ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को सात जुलाई तक इस मामले पर विस्तृत हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इससे पहले हरित अधिकरण को सूचित किया गया कि इस तरह के 106 बैंक्वेट हॉल संबंधित विभाग के अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के बगैर ही चल रहे हैं।

## रेलगाड़ियों के परिचालन में सावधानी बरतेगी मेट्रो

**नई दिल्ली ■ भाषा**



मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश और आंधी तूफान की चेतावनी के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो ने ट्रेनों के परिचालन में काफी सावधानी बरतने का निर्णय किया है।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) राष्ट्रीय राजधनी और एनसीआर में रेलगाड़ियों का परिचालन करता है और वर्तमान में यह 252 किलोमीटर नेटवर्क पर रेलगाड़ियां चला रहा है। डीएमआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हवा की गति अगर 70 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की होती है तो ट्रेन की आवाजाही सामान्य रहेगी लेकिन एलिवेटेड सेक्शन के प्लेटफॉर्म पर रेलगाड़ियां 40 किलोमीटर प्रति घंटे या कम की रफ्तार से प्रवेश करेंगी।

उन्होंने कहा, अगर हवा की गति 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ज्यादा हुई तो ट्रेनों को प्लेटफॉर्म पर रोक दिया जाएगा और कोई भी ट्रेन 15 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से प्लेटफॉर्म पर प्रवेश नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि इस स्थिति में हवा की गति 85 किलोमीटर प्रति घंटे से कम की रफ्तार से होने पर रेलगाड़ियों की आवाजाही सामान्य कर दी जाएगी। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज और कल आंधी तूफान आने का अनुमान है।

## रेलकर्मी करेंगे 72 घंटे की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली,वार्ता।** रेलकर्मियों की यूनियन ने सातवें वेतन आयोग की कई सिफारिशों के कार्यान्वयन नहीं किये जाने और रेलवे के निजीकरण के प्रयासों के विरोध में 72 घंटे की क्रमिक भूख हड़ताल का ऐलान किया है।

ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडेरेशन (एआईआरएफ) ने कहा कि केन्द्र सरकार के विभिन्न संगठनों के नेताओं, गृह मंत्री, वित्त मंत्री, रेल मंत्री और रेल राज्य मंत्री से अनेक बैठकों के बावजूद अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है। संगठन की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि केन्द्रीय कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने के भारत सरकार से किये गये आग्रहों के बावजूद कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आ पाया और दो साल का कीमती समय बरबाद हो गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया महिला को सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश

**नई दिल्ली ■ भाषा**



उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के एक राजनीतिक नेता की 26 वर्षीय पुत्री को राहत प्रदान करते हुये राज्य पुलिस को उसे सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। इस युवती का दावा है कि उसकी सहमति के बगैर ही उसके परिवार ने उसकी शादी कर दी है और अब उसे अपनी जान का खतरा है।

प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड की तीन सदस्यीय खंडपीठ के समक्ष पेशे से कंप्यूटर इंजीनियर यह महिला सुश्री 'एक्स' नाम से पेश हुई और उसने यह शादी निरस्त करने का अनुरोध किया। उसका कहना था कि यह शादी उसकी सहमति के बगैर की गयी है। इस महिला ने पीठ से सुरक्षा का अनुरोध किया क्योंकि वह बेंगलुरू में आगे पढ़ाई करने के साथ ही नौकरी करना चाहती है। पीठ ने कहा कि वह पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि वह हिन्दू विवाह कानून के प्रावधानों की संवैधानिकता और 'जबरन शादी' की वैधता पर विचार नहीं करेगी।

पीठ ने हालांकि महिला को बेंगलुरू में सुरक्षा प्रदान करने के अनुरोध पर विचार किया और कर्नाटक पुलिस को उसे वहां सुरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया जहां वह काम और पढ़ाई के सिलसिले में रहेगी। पीठ ने कहा, आप बालिग हैं। आप जहां भी चाहें जाने के लिये स्वतंत्र हैं। पीठ ने कहा कि उसके परिवार के सदस्य और पति सहित कोई भी उसे मजबूर या डरा धमका नहीं सकता है। न्यायालय से इस महिला की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इन्दिरा जयसिंह ने अनुरोध किया कि उसकी और उसके परिवार की पहचान गोपनीय रखी जाये। पीठ ने इस युवती के माता पिता को उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट जैसे दस्तावेज लौटाने के आग्रह पर विचार किया। जयसिंह ने शुरू में सहमति के अभाव में विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था परंतु बाद में कहा कि यह महिला अब उचित मंच पर विवाह विच्छेद के उपाय का सहारा लेगी। पीठ ने इस पर दिल्ली पुलिस और दिल्ली महिला आयोग को उसे सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया क्योंकि महिला ने कहा कि वह कर्नाटक वापस जा रही है। इस महिला का आरोप है कि उसे इस साल जनवरी में अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने के लिये बाध्य किया गया क्योंकि उसके माता पिता ने उसकी मर्जी के खिलाफ उसे शादी के लिये मजबूर किया। उसने यह भी दावा किया कि वह कर्नाटक में अपने अत्याचारी परिवार के चंगुल से बचकर दिल्ली पहुंची और वह अपने जीवन और अपनी स्वतंत्रता के लिये समुचित सुरक्षा चाहती है।

**FORTUNE INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED**
**Regd. Office:-** 25,Bazar Lane, Bengali Market, New-Delhi -110001
**CIN :** L51503DL1986PLC024329;
**Website:** www.firl.co.in
**Tel. No.:** 011-43585000,
**Fax:** 011-43585015
**E-mail :** firl.nbfc@gmail.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that the meeting of Board of Directors of the Company has been scheduled on Wednesday, 16th May, 2018 at its registered office 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi-110001 at 10:00 am for the purpose of approval of the scheme of amalgamation.
The aforesaid notice is also available on the website of the company www.firl.co.in.

**Fortune Industrial Resources Limited**
**Sd/-**
**Neha Sarpal**
**Company Secretary**
**Date : 07.05.2018**
**Place : New Delhi**

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न



**नई दिल्ली,संवादसूत्र।** रोहिणी के सैक्टर 13 में बालासाहब देवरस कम्युनिटी हाल में प्रान्तीय ब्राह्मण सभा, दिल्ली की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव व 36वां विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी संघ के राष्ट्रीय सचिव धर्मवीर शर्मा, दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, निगम पार्षद आलोक शर्मा, सुश्री देवज्ञा भारती मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की सभा की अध्यक्षता सी.पी. शर्मा ने की। उपस्थित लोंगो को बधाई देते हुए सभी वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज की एकजुटता पर जोर दिया और एक स्वर में आरक्षण की पुनः समीक्षा की मांग की। सभा के महामंत्री रवि लखनपाल ने बताया कि एक प्रस्ताव पास कर केवल आर्थिक आधार पर आरक्षण प्रणाली लागू करने का सरकार से अनुरोध किया गया। सामान्य वर्ग के लोगों विशेषकर छात्रों और नौकरी खोज रहे बेरोजगारों की भावनाओं का ध्यान रखने की अपील भी सरकार से की गई। रवि लखनपाल ने कहा कि कार्यक्रम में लगभग 550 परिवारों ने हिस्सा लिया और विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन में456 बच्चों का परिचय कराया गया। पूरे दिल्ली एनसीआर से आए ब्राह्मण परिवार व संस्थाओं ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर खुशी जताई। कार्यक्रम में रोहिणी शाखा के अध्यक्ष त्रिलोक भारद्वाज, केएल शर्मा, गोपाल चतुर्वेदी, संजय शर्मा, सत्य नारायण गौतम, पूर्व निगम पार्षद अनिल शर्मा, मनोज द्विवेदी, उमेश मुदगिल, रामफल भारद्वाज, पुल्कित शर्मा, जगदीश शर्मा, सुरेश पालीवाल आदि उपस्थित रहे।



**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) ने वर्ष 2018–19 के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया। श्री रविन्द्र नाथ, सीएमडी, एनएसआईसी और डॉ. ए.के. पंडा, सचिव, एमएसएमई, भारत सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर सुश्री अल्का नांगिया अरोड़ा, संयुक्त सचिव, एमएसएमई, डॉ. पी.जी.एस. राव, निदेशक (एमएसएमई), श्री पी. उदयकुमार, निदेशक (पीएंडएम) एनएसआईसी और श्री ए.के. मित्तल, निदेशक (वित्त) एनएसआईसी उपस्थित थे।

**USS GLOBAL LIMITED**
**(Formerly known as SURNIDHI INVESTMENT LIMITED)**
**Regd office : 1502, 15th Floor, RG Trade Tower, Netaji Subhash Place, Pitam Pura, New Delhi - 110034**
**Phone: 011-45824477,**
**Website: www.ussgloballtd.com**
**E-mail: surnidhiinvestmentltd@gmail.com**
**CIN: L74900DL1993PLC056491**

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the 4/2018 Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Monday, May 28th, 2018 at 2:30 P.M, inter alia, to consider and take on record the Audited Financial Results of the Company for the Fourth quarter and year Ended March 31st, 2018.
The said information is also available on the Company's website at www.ussgloballtd.com and shall also be available on the website of the stock exchange at www.msei.in .

**By order of the Board,**
**For USS Global Limited**
**(Formerly Known as Surnidhi Investment Limited)**
**Sd/-**
**Mohit Gupta**
**Managing Director**
**DIN : 02366798**
**Place: New Delhi**
**Date: 7th May, 2018**